



एक नजर में



### धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम प्रकटोत्सव

**सीहोर.** हर साल की तरह इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राहमण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया किया जाएगा. चल समारोह में शामिल होने का प्रथम आमंत्रण पत्र विप्रजनों द्वारागणेश मंदिर पर पहुंचकर भगवान गणेश को समर्पित किया गया. इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष राजेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, युवा अध्यक्ष रजत व्यास, चल समारोह युवा अध्यक्ष तनिष त्यागी आदि मौजूद थे.



### नगर आगमन पर डॉ. तोगड़िया का किया भव्य स्वागत

**रेहटी.** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के नगर आगमन पर विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया. डॉ. तोगड़िया भाजपा नेता एवं संघ के प्रचारक हरिशंकर चौहान के निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने उनकी पुत्री के विवाह उपरांत नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान किया. इस दौरान बस स्टैंड से लेकर निवास तक मार्ग में जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया. कार्यक्रम में घासीराम पटेल, केशव चौहान चिंतक, हरिशंकर चौहान, अनार सिंह चौहान, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, मनोहरलाल माहेश्वरी, मोनू हिंदू, कपिल चौहान, आनंद गोपाल, शैलू चौहान, आयुष चौहान एवं कार्तिकेय चौहान आदि शामिल थे.



### पीएमश्री विद्यालय में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

**भेरूंदा.** नगर के पीएमश्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय भैरूंदा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया. नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया. मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा रीतेश मकवाना के अलावा पार्षद श्रीमती इंदू नितिन मालवीय, पार्षद श्रीमती नीता अग्रवाल, श्रवण व्यास, बीईओ साक्षी जैन, ललित कीर, विनोद मेहरा आदि मौजूद थे. विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री साक्षी जैन ने विद्यार्थियों से नियमित गणवेश में विद्यालय आने की बात कही. कार्यक्रम का संचालन सारिका पाठक ने किया. विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया. अंत में प्रधानाचार्य राकेश वर्मा ने आभार व्यक्त किया.



### सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य का सम्मान कर दी विदाई

**सीहोर.** सांदीपनि विद्यालय मनुबेन मंडी में प्राचार्य दीपसिंह राठौर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में राठौर समाज अध्यक्ष चंदर सिंह राठौर, ओमप्रकाश बाबा, राजकुमार राठौर, राकेश राठौर, उपप्राचार्य प्रकाश सगवालिया,प्रधान अध्यापक रेखा रानी सिंह, रेखा चौहान, डा संध्या मिश्रा आदि उपस्थित थे.छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.



### स्कूल में प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा से स्वागत

**बुधनी.** नगर के सांदीपनी स्कूल में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. प्राचार्या सुधा सालोमन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किय. मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर, तिलक लगाकर स्वागत किया गया. विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए. स्कूल परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और प्रदर्शनी भी लगाई गई. मुख्य अतिथि अर्जुन मालवीय ने अपने संबोधन में कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ सभी विद्यार्थी पूरी मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करें तथा अपने परिवार, विद्यालय और नगर का नाम रोशन करें. कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह जामलिया ने किया तथा आभार प्राचार्या सुधा सालोमन ने माना. कार्यक्रम में भाजपा नेता सतीश गुप्ता, महिला नेत्री शिवानी यादव, मांगीलाल यादव, मनीष बाजपेई, वार्ड पार्षद ज्योति पंजाबी, यशवंत सिंह चौहान, श्रीकांत शर्मा, पंकज जाट आदि उपस्थित थे.

# झमाझम बारिश व ओलावृष्टि से बदला मौसम

## सुबह से तेज गर्मी और उमस के बाद दोपहर में जमकर बरसे बादल, चना आकार के ओले भी खूब बरसे



**सीहोर.** बुधवार को तेज हवाओं के चलते मुरली रोड पर एक पेड़ जमींदोज हो गया जिससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा.

- नालियां उफनीं तो गंदगी बहते हुए सड़कों पर आकर जमा हुई
- आगामी दो- तीन दिन ऐसे ही मौसम बना रहने का अनुमान

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 1 अप्रैल. जिले में बुधवार की दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली और तेज बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरने लगे. करीब 3.15 बजे के बाद शुरू हुई इस बारिश ने पूरे शहर का मिजाज बदल दिया. जिला मुख्यालय पर काफी देर तक झमाझम बारिश हुई तो ओले भी बरसे, वहीं इछावर क्षेत्र के ग्राम जाटखेड़ी से भी ओलावृष्टि की खबर सामने आई है.**

अचानक बदले मौसम ने लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी है। दोपहर तक जहां तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, वहीं बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई. बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो एक दिन पहले की तुलना में दो डिग्री अधिक था, लेकिन बारिश के बाद माहौल सुहावना हो गया.

दरअसल, बीती शाम से ही मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे थे. शाम करीब 7 बजे के बाद आसमान में काले घने बादल छा गए थे और कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई थी. इसके बाद बुधवार की दोपहर को अचानक तेज बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई, जिससे मौसम पूरी तरह बदल गया.

मौसम विभाग के अनुसार, इस बदलाव के पीछे वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय होना प्रमुख कारण है. इन सिस्टम्स के प्रभाव से वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे एक-दो दिन तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना जताई गई है. खासतौर पर शाम के समय बादल छाने और हल्की बारिश होने की स्थिति बन सकती है. मार्च महीने की बात करें तो इस बार पूरा महीना गर्मी के तेवर दिखाता रहा. 1 मार्च से लेकर 30 मार्च तक अधिकतम तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा. कई दिनों में तापमान 38 से 39 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ा. हालांकि, महीने के अंतिम दिनों में मौसम ने अचानक रुख बदला और 31 मार्च के बाद से तापमान में गिरावट आने लगी. बुधवार को चली करीब 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं और घने बादलों के कारण जिले में मौसम पूरी तरह बदल गया. तेज हवाओं और बारिश ने न केवल तापमान को नीचे लाया, बल्कि लोगों को गर्मी से राहत भी दिलाई.

### सड़क पर गिरे पेड़ से यातायात हुआ बाधित

बुधवार की दोपहर बादलों की तेज गड़गड़ाहट और तेज हवाओं के बीच बरसे बादलों ने जहां शहर को तरबतर कर दिया, वहीं तेज हवाओं ने खेतों में रखा भूसा उड़ा दिया तो बारिश से भूसा गीला हो गया. इसके अलावा मुरली रोड पर एक पेड़ गिर जाने से अंडरब्रिज से मंडी जाने वाला रास्ता बाधित हो गया. सूचना मिलने पर पहुंचे नपा के अमले ने जेसीबी की मदद से पेड़ को हटाया तब कहीं जाकर यातायात सामान्य हो सका.

### बारिश से शहर में घंटों तक बना रहा ब्लैक आउट

बुधवार को गर्मी से बेहाल नागरिकों को राहत देने मौसम बदला और तेज बारिश भले ही हुई हो, लेकिन इससे शहर में ब्लैक आउट के हालात निर्मित हो गए. तेज हवाओं के बीच बरसे बादलों ने शहर को जलमग्न कर दिया, वहीं इस बेमौसम बारिश ने एक बार फिर विद्युत वितरण कंपनी की कार्यप्रणाली की कलई खोल दी. दोपहर से बिजली गुल हो गई और लगभग संपूर्ण शहर में ब्लैक आउट हो गया. जगह- जगह करंट के तार टूटने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. बुधवार को दोपहर लगभग तीन बजे जोरदार बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया. कई निचले इलाकों की गलियां जलमग्न हो गईं. जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. वहीं रही सही कसर बिजली की कमी ने पूरी कर दी. इससे विद्युत वितरण कंपनी की लचर कार्यप्रणाली भी उजागर हो गई. बता दें कि विद्युत कंपनी द्वारा आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर दो से तीन घंटे बिजली बंद की जाती है. इसके बाद भी बुधवार को हुई बारिश के चलते शहर की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो गई. बारिश प्रारंभ होने के साथ ही संपूर्ण शहर की विद्युत प्रदाय व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई. जब काफी देर तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो लोगों ने विद्युत कंपनी के फोन खनखनाना शुरू किया. वहां से पता चला कि मंडी इंडस्ट्रियल एरिया और दशहरा बाग स्थित 33 केवी के तार टूट गए हैं तो और भी कई जगहों पर तार टूटने की जानकारी है. ऐसे में विद्युत अमला मरम्मत में जुटा रहा. देर शाम तक शहर में अंधेरे का माहौल बना रहा.

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा आज



**बुधनी.** नगर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर नगर के प्राचीन मंदिरों में सुबह से हनुमान चालीसा पाठ एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा. प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, जिला बुधनी द्वारा नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी. इस शोभा यात्रा में चार अखाड़ों द्वारा अस्त्र-शस्त्र विद्या का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा. वहीं, दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा नगर में पहली बार शस्त्र प्रदर्शन किया जाएगा. भव्य शोभायात्रा शाम 4 बजे महाराणा प्रताप चौराहे से प्रारंभ होकर प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा. इसके अलावा मौनी बाबा ट्रस्ट समिति द्वारा शाम 5 बजे से कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा. वहीं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के मार्गों को भगवा ध्वज से सजाया गया है, जिससे पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना हुआ है.

## स्कूलों को10 तक होगी देना फीस की जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 31 मार्च.** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में निजी विद्यालयों की फीस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं.

जारी आदेश के तहत जिले के सभी निजी विद्यालयों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की फीस, अन्य शुल्क एवं संबंधित जानकारी शासन के निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। जिसकी निर्धारित तिथि आगामी 10 अप्रैल है. कलेक्टर द्वारा निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में जानकारी अपलोड नहीं करने वाले विद्यालयों पर फीस विनियमन अधिनियम के तहत श्रेणीवार अर्थदंड लगाया जाएगा. यह जुर्माना विद्यालयों की छात्र संख्या के आधार पर तय किया गया है, जिसमें कम, मध्यम और अधिक नामांकन वाले विद्यालयों के लिए अलग-अलग राशि निर्धारित की गई है. आदेश का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. इस व्यवस्था का उद्देश्य अभिभावकों को मनमानी फीस वसूली से राहत देना और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है. इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समिति गठित की गई हैं.

# पटाखा बुलेट व स्टंटबाजी पर पुलिस ने कसा शिकंजा

- यातायात पुलिस ने तीन बुलेट मालिकों पर की कार्रवाई
- पटाखे की आवाज निकालती बुलेट से लोगों में रहती दहशत

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 1 अप्रैल.** यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले बाइक सवारों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है. पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में तीन बुलेट चालकों पर कार्रवाई की गई.

यातायात प्रभारी सूबेदार बृजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान ऐसे तीन बाइक सवारों को रोका, जिन्होंने बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसर लगवा रखे थे. ये साइलेंसर तेज और पटाखों जैसी आवाज निकाल रहे थे, जिससे ध्वनि प्रदूषण के साथ लोगों को परेशानी हो रही थी. पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों से मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाए. गौरतलब है कि शहर में कुछ अतिउत्साही युवकों द्वारा कोतवाली से चाणक्यपुरी तक और मुख्य मार्गों पर स्टंटबाजी करने तथा बुलेट से पटाखों जैसी आवाज निकालने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं. इस तरह की हरकतों से राहगीरों,खासकर महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है.



मामले में यातायात प्रभारी धाकड़ ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. स्टंट करने, मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

# करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

- युवा नेता कार्तिकेय व विधायक भार्गव रहे कार्यक्रम में मौजूद
- शोक संतप्त परिजनों के बीच भी पहुंचे नेताद्वय

**नवभारत न्यूज**

**सलकनपुर 1 अप्रैल.** क्षेत्र में बुधवार को विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुए. इनमें युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव शामिल हुए.



कार्यक्रम के तहत ग्राम भूरीटेक में पेयजल समस्या के समाधान के लिए पानी की टंकी निर्माण का भूमि पूजन किया गया. इसके बाद ग्राम पंचायत बोरधी में शासकीय हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया. इसी दौरान छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण भी किया गया, जिससे उनकी पढ़ाई में सुविधा हो सके. ग्राम पंचायत मरदानपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी.साथ ही मांगलिक भवन एवं मछुवारा भवन का लोकार्पण भी किया गया, जो सामाजिक गतिविधियों के लिए उपयोगी रहेंगे. कार्यक्रमों के दौरान कार्तिकेय सिंह चौहान एवं विधायक रमाकांत भार्गव ग्राम गोंडीगुराड़िया में सुमित पटेल की भतीजी के विवाह समारोह में शामिल हुए. वहीं स्वर्गीय सुमेर सिंह राजपूत, ग्राम जाजना में प्रेम सिंह यादव के बड़े भाई तथा ग्राम पिपलिया में विनय गौर एवं दीपक गौर की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना दी. इस अवसर पर रवि मालवीय, रघुनाथ भाटी, आसाराम यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे.

## उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को मिले सुविधा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 1 अप्रैल.** आगामी 10 अप्रैल से शुरू होने वाले गेहूं उपार्जन को लेकर तैयारियों के संबंध में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए.

बैठक में राजस्व मंत्री ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है. उपार्जन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए.सभी उपार्जन केंद्रों पर छाया, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. इसके साथ ही तौल कांटों की व्यवस्था और उनकी नियमित जांच की जाए. राजस्व मंत्री ने कहा कि गेहूं की तौल निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जाए और तौल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए.उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारी किसी भी प्रकार से स्थिति का अनुचित लाभ न उठा सकें, इसके लिए सख्त मॉनिटरिंग की जाए. उपार्जन केंद्रों पर किसानों से शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार किया जाए और सर्वेयर नियमों के अनुसार कार्य करें. मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें और यदि कहीं कोई अनियमितता पाई जाए तो तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें. बैठक में किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी विशेष जोर देते हुए राजस्व मंत्रीवर्मा ने कहा कि शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाए.

## पीएनजी कनेक्शन से जुड़ेंगी आंगनबाड़ी

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में स्थित आवासीय स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, कम्युनिटी किचन एवं आंगनवाड़ी किचनों में, जहां आसपास पाइपलाइन अधोसंरचना उपलब्ध है, वहां 5 दिवस के भीतर पीएनजी कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही अधोसंरचना निर्माण की प्रक्रिया को गति देने के लिए विभिन्न अनुमतियों को सरल बनाने, स्थानीय शुल्कों को तर्कसंगत करने तथा लागत संबंधी बाधाओं को दूर करने पर भी जोर दिया गया है. विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, छात्रावासों, निजी हॉस्टलों, कम्युनिटी किचन एवं आंगनवाड़ी किचनों में 5 दिवस में पीएनजी कनेक्शन अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा.

**प्रवेशोत्सव** ▶ राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने स्कूल चलें हम अभियान का किया शुभारंभ

# बच्चे देश का भविष्य, राष्ट्र निर्माण में उनकी अहम भूमिका : वर्मा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 1 अप्रैल.** एमएलबी स्कूल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिह वर्मा ने जिला स्तरीय स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ किया. इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, कलेक्टर बालागुरू के सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है. उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से कहा कि जिले में शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित किया जाए और यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे. मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होने कहा कि शिक्षित बच्चे ही सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं. उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे समय पर स्कूल पहुंचे और पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें.

उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया तथा अभिभावकों, शिक्षकों तथा संबंधित विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा. इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट अंक हांसिल कर स्कूल का नाम रोशन करने वाली छात्रा तनु परमार को सांकेतिक रूप से स्कूटी की चाबी तथा लैपटॉप राशि का प्रमाण पत्र एवं पूजा भिलाला को लैपटॉप की राशि का प्रमाण पत्र प्रदान किया. इसके साथ ही साइकिल वितरण भी किया गया. कार्यक्रम में छात्राओं को पुस्तकें भी वितरित की गई.कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डीपीसी रमेश राम उइके, सन्नी गौरव महाजन, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति, प्रीतेश राठौर आदि उपस्थित थे.



उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा जिले के सरकारी स्कूलों के 210 बच्चों को स्कूटी की राशि दी गई है तथा उनके द्वारा स्कूटी खरीद ली गई है. इसी प्रकार 2752 बच्चों को लैपटॉप की राशि वितरित की गई है और लगभग 7500 बच्चों को साइकिल का वितरण किया जा चुका है.